दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : digvijayans@gmail.com
: dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 04.01.2019

समाचार स्वरूप प्रकाशनार्थ

स्वर्ण जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत दिग्विजयनाथ स्नातकोतत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर में आज दिनांक 04.01.2019 को राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक उत्सव–2019' का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने छात्रों को शुभकामना एवं बधाई देते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों में पठन–पाठन के अतिरिक्त शिक्षणेत्तर एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियॉ छात्रों के व्यक्तित्व के विकास और उनके भविष्य के निर्धारण में अहम भूमिका निभाती हैं। इस तरह के कार्यक्रमों को सभी शिक्षण संस्थानों को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होने राजनीति विज्ञान विभाग के शिक्षकों को साधुवाद देते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के सम्पन्न कराने का सुझाव दिया।

महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्र/छात्राओं को एक स्वस्थ मंच प्राप्त होता है, जिसके माध्यम से वे अपने भीतर छुपी हुई प्रतिभाओं को व्यक्त कर सकते हैं। क्योंकि शिक्षा का मूल उद्देश्य छात्रों को एक बेहतर व्यक्तित्व प्रदान करना होता है।

कार्यक्रम की संयोजिका तथा प्रभारी कला संकाय डॉ. वीणा गोपाल मिश्रा ने आगत अतिथियों एवं छात्र/छात्राओं को नव वर्ष की शुभकामना देते हुए कहा कि प्रत्येक भारतीय स्वभाव से संस्कृति प्रेमी व उत्सवधर्मी होता है और ऐसे कार्यक्रम उसके सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों के उन्नयन और संवर्धन में सहायक होते हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में वनस्पति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. परीक्षित सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के वातावरण को जीवंत और सुरूचिपूर्ण बनाने में इस प्रकार के कार्यक्रम प्रेरणादायी होते हैं।

उक्त कार्यक्रम राजनीति विज्ञान के छात्र/छात्राओं ने अपने मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों जिसमें देशभक्ति गीत, लोकगीत, हास्य व्यंग एवं प्रहसन के रूप में पूरे माहौल को जीवंत बना दिया, जिसमें मुख्य रूप से नेहा, छाया, रूबी, निधि, वीना, रामरतन सिंह, इन्द्रजीत, निशान्त मिश्रा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन इन्द्रजीत व निशान्त मिश्रा ने तथा आभार ज्ञापन विभाग की शिक्षिका डॉ. प्रियंका सिंह ने किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक शिक्षक, शिक्षिकायें, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे।

मनोविज्ञान एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में जिम्मेदार युवा, स्वस्थ जीवन शैली विषय पर दिनांक 05 से 11 जनवरी 2019 तक कार्यशाला आयोजित है, जिसका उद्घाटन दिनांक 05 जनवरी 2019 को अपराह्न 03.00 बजे संवाद कक्ष में होगा। मेडिकल कालेज के चिकित्सक डॉ. डी.के. श्रीवास्तव मुख्य अतिथि तथा जिला चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डॉ. पी.एन. सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे।

डॉ. (मुरली मनोहर तिवारी)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी
मोबाइल नं–9452879449